# अर्द्ध-वार्षिक परीक्षा, 2026-27
# सामाजिक विज्ञान
# कक्षा-9

समय : 3 घण्टे 15 मिनट पूर्णांक : 70

**निर्देश—**

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) यह प्रश्न-पत्र दो खण्डों–'अ' एवं 'ब' में विभाजित है।

(iii) खण्ड 'अ' में 20 अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।

(iv) खण्ड 'ब' 50 अंक का है, इसमें वर्णनात्मक-1, वर्णनात्मक-2 एवं मानचित्र सम्बन्धित दो प्रश्न हैं। (क) विश्व का मानचित्र, (ख) भारत का मानचित्र।

(v) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

(vi) दिए गए मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका में मजबूती के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

## खण्ड–अ
## (बहुविकल्पीय प्रश्न)

**नोट—**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशानुसार OMR आन्सर शीट पर अंकित कीजिए।

1. फ्रांस की क्रान्ति के समय फ्रांस का राजा कौन था ?

(A) लुई 14 वाँ (C) लुई 16 वाँ
(B) लुई 15 वाँ (D) लुई 18 वाँ

2. 'द स्पिरिट ऑफ द लॉज' किसकी रचना है ?

UPBoardHub

(A) हॉब्स (C) रूसो
(B) लॉक (D) मोंटेस्क्यू

3. रूस में क्रान्ति कब हुई ?

(A) 1717 ई. (C) 1917 ई.
(B) 1817 ई. (D) 1972 ई.

4. समाजवाद का जनक कौन था ?

(A) रूसो (C) एंगल्स
(B) कार्लमार्क्स (D) बाकुनिन

5. प्रथम विश्वयुद्ध के समय संयुक्त राज्य अमेरिका का राष्ट्रपति कौन था ?

(A) वुडरो विल्सन (C) कैनेडी
(B) लिंकन (D) रूजवेल्ट

6. लोकतंत्र में सम्प्रभुता निहित होती है–

(A) राष्ट्रपति में (C) प्रधानमंत्री में
(B) कार्यपालिका में (D) जनता में

7. भारत में लोकतंत्र के समक्ष आने वाली बाधा है–

(A) अशिक्षा (C) जागरूक जनमत
(B) आर्थिक समानता (D) स्वतन्त्र प्रेस

8. संविधान सभा के स्थायी अध्यक्ष थे–

(A) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (C) पं. जवाहरलाल नेहरू
(B) डॉ. बी. आर. अम्बेडकर (D) बाल गंगाधर तिलक

UPBoardHub

9. अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस (ए.एन.सी.) की स्थापना कब हुई ?

(A) 1902 ई. (C) 1913 ई.

(B) 1912 ई. (D) 1911 ई.

10. लोकतंत्र बचाओ का नारा किस पार्टी ने दिया ?

(A) कांग्रेस पार्टी (C) वामपथी दल

(B) जनता पार्टी (D) इनमें से कोई नहीं

11. कौन-सा देश भारत से बड़ा है ?

(A) रूस (C) चीन

(B) अमेरिका (D) इनमें से सभी

12. भारत के उत्तर में स्थित है–

(A) अरब सागर (C) हिमालय पर्वत

(B) चीन सागर (D) इनमें से सभी

13. हिमालय का सबसे ऊँचा शिखर कौन-सा है ?

(A) माउण्ट एवरेस्ट (C) नीलगिरि

(B) कंचनजंघा (D) नंगा पर्वत

14. भागीरथी किस नदी की मुख्य धारा है ?

(A) सिन्धु (C) नर्मदा

(B) कावेरी (D) गंगा

15. पश्चिम बंगाल का शोक किस नदी को कहते हैं ?

(A) दामोदर नदी
(B) शिवालिक
(C) ताप्ती नदी
(D) महानदी

16. पालमपुर का दूध संग्रहण एवं शीतलन कहाँ स्थित है ?

(A) रायगढ़
(B) रायपुर
(C) रायगंज
(D) राजगंज

17. वानिकी किस क्षेत्रक के अन्तर्गत आर्थिक क्रिया है ?

(A) प्राथमिक क्षेत्रक
(B) द्वितीयक क्षेत्रक
(C) तृतीयक क्षेत्रक
(D) चतुर्थक क्षेत्रक

18. 2011 में जीवन प्रत्याशा कितने वर्ष हो गई ?

(A) 64 वर्ष
(B) 66 वर्ष
(C) 68 वर्ष
(D) 70 वर्ष

19. बच्चों की पोषण स्थिति में सुधार के लिए कौन-सी योजना क्रियान्वित की जाती है ?

(A) दोपहर का भोजन
(B) दाल-भात योजना
(C) पोषाहार योजना
(D) स्वच्छ पोषण योजना

20. उत्पादन के साधन होते हैं–

(A) दो
(B) तीन
(C) चार
(D) पाँच

**खण्ड–'ब'**

**वर्णनात्मक प्रश्न-I**

(उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए ।)

UPBoardHub

1. फ्रांस के इतिहास में 14 जुलाई का क्या महत्व है ?

**अथवा**

वरसाय की सन्धि की मुख्य धाराएँ क्या थीं ? समझाइए।

2. हम गणतंत्र दिवस क्यों मनाते हैं ?

**अथवा**

धर्म-निरपेक्षता से आप क्या समझते हैं ?

3. बाँगर और खादर में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

डेल्टा का निर्माण कैसे होता है ?

4. उत्पादन के कारकों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

**अथवा**

भारत में महिला साक्षरता दर पुरुषों की तुलना में बहुत कम है, क्यों ?

## वर्णनात्मक प्रश्न-II

(उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए।)

5. विश्व पर रूसी क्रान्ति के प्रभावों की विवेचना कीजिए। 6

**अथवा**

प्रथम विश्वयुद्ध में जर्मनी की पराजय के क्या कारण थे ? 6

6. लोकतंत्र के प्रकारों का वर्णन कीजिए। 6

**अथवा**

गैर-लोकतांत्रिक देशों के नागरिकों को किन समस्याओं का सामना करना पड़ता है ? 6

7. भारतीय मानसूनी वर्षा की विशेषताएँ बताइए। 6

**अथवा**

भारत की जलवायु दशाओं को निर्धारित करने वाले कारकों का वर्णन कीजिए। 6

UPBoardHub

8. मानव पूँजी निर्माण में शिक्षा के महत्व को बताइए। 6

**अथवा**

बेरोजगारी से होने वाली हानियों का वर्णन कीजिए। 6

**(मानचित्र सम्बन्धित प्रश्न)**

9. (क) निम्नलिखित स्थानों को दिए गए विश्व के रेखा-मानचित्र में $\odot$ चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए–

(i) संयुक्त राज्य अमेरिका, $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) इंग्लैण्ड, $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) तुर्की, $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) रूस, $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) जर्मनी। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ख) भारत के दिए गए रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए–

(i) कावेरी नदी $>$ चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) शिवपुरी नेशनल पार्क $\triangle$ चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) भारत के किसी एक मरुस्थल का नाम $\square$ चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) नई दिल्ली $\bullet$ चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) भारत के पूर्वी तट पर स्थित एक बन्दरगाह $\odot$ चिह्न द्वारा नाम सहित। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

**की आप UPBoardHub पर अपने Recent पेपर को भेज कर 10₹–20₹ प्रति पेपर Reward पा सकते हैं**